पंजाब केसरी 07/03/2025




कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों व वक्ताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य। (देवदत्त)

# आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस की मूल बातों पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

अम्बाला, 6 मार्च (ब्यूरो): ए.आई. जागरुकता कार्यक्रम की पहल करते हुए गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने वीरवार को श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब, अम्बाला कैंट में आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस की मूल बातें पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया।

श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज के प्रिंसीपल डा. सुखदेव सिंह ने जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय का स्वागत किया और अपने छात्रों को पूरे उत्साह के साथ सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

जी.एम.एन. कॉलेज के संकाय डा. गीता कौशिक, डा. भारती सुजान और कमलप्रीत कौर ने खालसा कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता सांझा की।

यह कार्यक्रम बीसीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें लगभग 70 प्रतिभागियों की उपस्थिति थी।

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों की मौलिक ए.आई. अवधारणाओं, अनुप्रयोगों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में समझ को बढ़ाना था।

कार्यक्रम में इंटरैक्टिव व्याख्यान और एक प्रश्नोत्तर सत्र शामिल रहा, जिससे प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हुई। यह एक बहुत ही संवादात्मक सत्र था।

सत्र के दौरान एच.ओ.डी. डा. जगजोत कौर और प्रदीप सिंह सहित श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज के कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के संकाय भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डीन डा. प्रबलीन कौर की देखरेख में किया गया। जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस कदम की सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम जो आकार ले रहा है, उसे लेकर वह काफी आशावादी हैं।